# दुष्कर्म व गर्भपात के मामले में चार बंदी

फालोअप

- किशोरी का धर्म परिवर्तन करवा कर किया था निकाह
- रिश्तेदारों के पास भेजा, गाजियाबाद से हुई थी किशोरी बरामद


मल्हीपुर थाने में पुलिस की अभिरक्षा में मौजूद आरोपी।

**श्रावस्ती, संवाददाता।** नैनीताल की किशोरी को श्रावस्ती बुलाकर धर्म परिवर्तन कर निकाह कर उसके साथ दुराचार करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। वहीं किशोरी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि अब्दुल रहमान पुत्र नसीर अहमद ग्राम लक्ष्मनपुर कोठी थाना मल्हीपुर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इन्स्टाग्राम के माध्यम से पीड़िता निवासिनी उत्तराखण्ड के संपर्क में आया। इसके बाद अब्दुल रहमान ने पीड़िता को मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह में श्रावस्ती बुला लिया या। पीड़िता बस से नानपारा बहराइच आई। जहां से आरोपी उसे अपने घर में लाकर रखा। एक माह तक विभिन्न रिश्तेदारों के यहां रख कर उसका शारीरिक शोषण किया और गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। जानकारी होने पर सोनवा पुलिस लेकर आई और उसके बुआ के लड़के के साथ भेज दिया गया।

इस मामले की शिकायत होने पर पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य आरोपी अब्दुल रहमान पुत्र नसीर, नसीर पुत्र अब्दुल हबीब और मैकू पुत्र शब्बीर निवासीगण लक्ष्मनपुर कोठी थाना मल्हीपुर के साथ ही अलीमुन पुत्री नसीर पत्नी अज्ञात निवासी ग्राम चौगाई थाना सोनवा शामिल हैं।

# 'व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगवाएं सीसी कैमरे'

- व्यापारियों की समस्याओं के निरतारण व सुरक्षा पर हुई चर्चा
- पुलिस कार्यालय सभागार में हुई प्रमुख व्यवसायियों की गोष्ठी


गोष्ठी में मौजूद एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ( दाएं ) व व्यापारी • जागरण

जासं • श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय सभागार में गुरुवार को जिले के प्रमुख व्यवसायियों, पेट्रोलपंप, गैस एजेंसी व ईंट भट्ठा संचालकों की गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने की। व्यापारियों की समस्या के निस्तारण व सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा हुई। एएसपी ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत अच्छी गुणवत्ता के सीसी कैमरे लगवाने की अपेक्षा की।

एएसपी ने विभिन्न क्षेत्र से आए व्यापारी बंधुओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। व्यापारियों ने यातायात, सड़क पर अतिक्रमण, टैक्सी व बस स्टैंड की व्यवस्था न होने तथा थाना व चौकियों पर निरंतर बैठक न होने की समस्या से अवगत कराया। एएसपी ने भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, कस्बों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने, बाजारों की सुरक्षा के लिए रात्रि में पुलिस गश्त, पिकेट बढ़ाने, बैंक व एटीएम के आसपास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की जांच करने तथा थाना व चौकियों पर व्यापारी वर्ग के साथ निरंतर गोष्ठी करने का आश्वासन दिया।

सुरक्षा के मद्देनजर सभी सर्राफा, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, भट्ठा व्यवसायियों से गार्डों व चौकीदारों का पुलिस से सत्यापन कराने तथा बालश्रम न कराने को कहा। अग्निकांड जैसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के उपकरणों को संस्थान पर लगाने तथा आनलाइन ठगी व साइबर अपराध से बचने के ओटीपी किसी से साझा न करने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, राजेश कुमार रस्तोगी, सूफी सगीर अहमद, नसीब अली, विजेंद्र कुमार गुप्ता, असगर अली, अशोक यादव, हामिद मंसूरी मौजूद रहे।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें